दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त



पेज-08

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 346 | देहरादून, रविवार 15 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति

## न्यूज डायरी

### मंत्री जोशी ने आईएमए से पास आउट होने वाले कैडेट को बधाई दी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी में स्प्रिंग टर्म 2025 पासिंग आउट परेड के दौरान मित्र देशों के 32 अधिकारी कैडेटों सहित कुल 451 अधिकारी कैडेट द्वारा कमिशन प्राप्त किया गया। सुबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कमिशन प्राप्त करने वाले समस्त अधिकारीयों को बधाई दी है। उनके द्वारा इस अवसर पर कहा गया की सेना के लगभग 18 प्रतिशत सैनिक उत्तराखंड से आते हैं, जो हमारे लिए गौरव की बात है। उत्तराखंड सरकार सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ सदैव प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के कैडेट को 50,000 तथा पूर्व सैनिकों के आश्रित कैडेट को 1,00,000 पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।



### मुख्य सचिव ने की योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में योगा डे की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने योगा डे के मुख्य आयोजन स्थल भराड़ीसैंण और हरिद्वार में योगा डे की संपूर्ण तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन के नोडल विभाग आयुष विभाग, चमोली और हरिद्वार जिला प्रशासन तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को बेहतर समन्वय से सभी तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। आगामी 21 जून को उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में योग प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा जनपद हरिद्वार में अतिथियों/डेलिगेट्स की बैठक और गंगा आरती होना प्रस्तावित है।

# भूस्खलन की आपात स्थिति में घटना स्थल पर 15 मिनट के भीतर जेसीबी पहुंचाने के सीएम धामी ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मानसून के दौरान किसी भी भूस्खलन की आपात स्थिति के दौरान घटना स्थल पर 15 मिनट के भीतर अनिवार्यतः जेसीबी पहुंचाने के सख्त निर्देश लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं।

उन्होंने तत्परता से राज्य का लैण्डस्लाइड मैप तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बरसात से पहले राज्य के सभी पुलों का सुरक्षा ऑडिट करते हुए सम्बन्धित सचिव को विशेषरूप से हल्द्वानी से कैंचीधाम, अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ रुट के पैच वर्क एवं राज्य के सभी पुलों की समीक्षा हेतु तत्काल निरीक्षण दौरा करने के निर्देश दिए हैं। मानसून सीजन एवं मेडिकल आपातकाल के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने पुरानी एम्बुलेंस वाहनों को तत्परता से बदलने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेडिकल इमर्जेंसी जैसी स्थिति की दृष्टि से पिथौरागढ़ एक अतिरिक्त हैलीकॉप्टर की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिथौरागढ़ में हैलीपेड एवं एयपोर्ट निर्माण सम्बन्धित कार्यवाही को तीव्र करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए हैं। सीएम ने मानसून के दौरान जीर्ण शीर्ण विद्यालयों का चिन्हीकरण करते हुए इनमें विद्यार्थियों का पठन–पाठन बंद करवाते हुए तत्काल प्रभाव से शेल्टर की व्यवस्था करने के निर्देश शिक्षा विभाग एवं जिलाधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अगले तीन दिनों में स्कूल, अस्पतालों, आश्रमों जैसे स्थलों संवेदनशील स्थलों का सुरक्षा की दृष्टि से वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जलाशयों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए नियमित रूप से सिल्ट हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार एवं उधमसिंह नगर जैसे मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति के स्थायी समाधान एवं जल निकासी को लेकर विशेषज्ञ एंजेसी की सहायता से सर्वे करते हुए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को बन्द सड़को की रियल टाइम जानकारी की नियमित रूप से एप एवं वेबसाइट पर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।





बैठक लेते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### राज्य का लैण्डस्लाइड मैप तैयार करने के सीएम ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सभी जिलाधिकारियों के साथ मानसून सीजन एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। राज्य में आपदा के रिस्पॉन्स एवं पूर्व तैयारियों के मामलों में अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि जनजागरूकता हेतु आपदा से सम्बन्धित टॉल फ्री नम्बर, सचेत एप आदि का समुचित प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपदा के मामलों को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए टीम भावना एवं प्रभावी समन्वय से कार्य करने की नसीहत दी। इसके साथ ही उन्होंने एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के जवानों की मदद हेतु स्थानीय लोगों को भी आपदा राहत एवं बचाव कार्यों में शामिल करने एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अस्पताल, स्कूलों, आश्रम सहित सभी संवेदनशील जगहों पर बिजली के खुले तारों को सुरक्षित कवर करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को तत्परता से मलबा हटवाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आपदा के लिहाज से संवेदनशील सभी स्थानों में पर्याप्त मात्रा में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टुकड़ियों तैनात करने के निर्देश दिए। हेलीकॉप्टर सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी हेलीपेडों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने तथा हेलीपैडो का सेफ्टी ऑडिट करने को कहा। उन्होंने आपदाओं के दृष्टिगत पिथौरागढ़ जनपद में भी एक हेलीकॉप्टर तैनात रखने के निर्देश दिए।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

# नीट यूजी में हरिद्वार के अविनाश ने प्राप्त की एआईआर 1930, 22 अन्य छात्र भी टॉप अचीवर्स में शामिल

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देश में टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं की अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्व के साथ घोषणा की है कि हरिद्वार शाखा के 23 छात्रों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंक हासिल की है। यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन और एईएसएल के विश्वस्तरीय शिक्षण एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज इस परीक्षा के आधिकारिक परिणाम जारी किए।



आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के पदाधिकारी।

हरिद्वार शाखा के प्रमुख टॉपर्स में अविनाश मेहता एआईआर 1930, नूपुर गोयल एआईआर 4757, अक्षत गुप्ता एआईआर 9244, निशिका एआईआर 12525, निष्ठा सर्राफ एआईआर 13448 इनके अलावा जिन अन्य छात्रों ने भी इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की उनमें शामिल हैं प्रज्ञा भारती, ईशिता चौहान, अंशिका राणा, आफरीन अहमद, अदिति पायल, दीपक, भूमि राजपूत, उज्जवल, अमन कुमार, विनायक चौधरी, सुहैल अंसारी, हर्षिता बिष्ट, लक्ष्य सिंघल, तियाशा प्रमाणिक, आर्या त्यागी, सलोनी वर्मा, लक्ष्य कुमार और आदित्य यादव। इस सफलता ने न केवल संस्थान का गौरव बढ़ाया है, बल्कि पूरे हरिद्वार क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी के लिए डिज़ाइन किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल की मजबूत अकादमिक नींव, कॉन्सेप्ट्स की स्पष्टता और अनुशासित पढ़ाई की दिनचर्या को दिया छात्रों ने साझा किया। हम आकाश के बहुत आभारी हैं। उनकी सुव्यवस्थित सामग्री, विशेषज्ञ शिक्षण और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने हमें कठिन विषयों को समझने में मदद की। यदि एईएसएलन होता, तो यह सफलता संभव नहीं थी। एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर धनंजय कुमार मिश्रा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने नीट यूजी 2025 में जो बेहतरीन प्रदर्शन किया है, उस पर हमें अत्यंत गर्व है। यह परीक्षा पूरे देश से 23 लाख से अधिक छात्रों द्वारा दी जाती है, ऐसे में टॉप रैंक लाना कोई साधारण बात नहीं है।

# संपादकीय

## प्रधानमंत्री मोदी आज से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से तीन देशों की यात्रा पर निकलेंगे, जिसमें कनाडा की यात्रा भी शामिल है, जहां वे जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सरकार नई दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों को फिर से बेहतर बनाने के लिए रास्ते तलाश रही है। प्रधानमंत्री भूमध्यसागरीय देशों साइप्रस और क्रोएशिया का भी दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। मंत्रालय ने कहा, "यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी।" मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15–16 जून को साइप्रस जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी।" बयान में कहा गया कि साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। इसमें कहा गया, "यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र व यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।" अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 16–17 जून को कनाडा के कनानास्किस जाएंगे। प्रधानमंत्री लगातार छठी बार जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, "शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री जी–7 देशों के नेताओं, अन्य आमंत्रित देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, विशेष रूप से एआई–ऊर्जा संबंध और क्वांटम से संबंधित मुद्दों सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे।" प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

# जिलाधिकारी सविन की दो टूक, पेयजल समस्या का डे-टू-डे ही हो समाधान



जिलाधिकारी।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सर्तकता और सक्रियता से डे–टू–डे समस्या का निदान करने में जुटा है। विगत 14 अप्रैल से लेकर 13 जून तक पेयजल की 142 शिकायतें मिली है, जिसमें से 138 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24ग7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील भी की है कि जल के मूल्य को समझते हुए जल संरक्षण में सहयोग करें। पानी को अनावश्यक बर्बाद न करें और न होने दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल की समस्या का डे–टू–डे ही समाधान किया जाए। कोई भी शिकायत अनावश्यक लंबित न रहे। कंट्रोल रूम को कैनाल रोड़ के कई घरों में पानी की सप्लाई बाधित होने की खबर मिलने पर अधिशासी अभियंता ने मौका मुआयाना किया।

बताया कि गब्बर बस्ती में अधिष्ठापित वाल्व में खराबी आने के कारण कुछ घरों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई थी, वाल्व की मरम्मत कर पानी की सप्लाई सुचार कर दी गई है। गंगा एनक्लेव में पेयजल समस्या का निस्तारण करते हुए बताया कि क्षेत्र में 11 जून को यूपीसीएल (एडीबी) द्वारा विद्युत केबल बिछाने के दौरान पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिस कारण एकता बिहार नलकूप को बंद करना पडा। वर्तमान में क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

वहीं जीएमस रोड़ क्षेत्र में गेल गैस लि. द्वारा पाइप लाइन और यूपीसीएल द्वारा विद्युत केबल बिछाने के दौरान पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी की आपूर्ति बाधित हुई थी। पेयजल लाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति को सुचारू कर दिया गया है।

# कोरोना वायरस (कोविड-19)- कोरोना के आंकड़ों ने चौंकाया-एक्शन में भारत



## क्या फिर लौट रहा है कोरोना का डरावना दौर?- शासन प्रशासन आम जनता के सहयोग की मज़बूत चैन बनाना अति आवश्यक

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड–19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए हैं,इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके हैं,लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड –19 तुल्य है,ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका प्रकोप भारत में तेजी से बढ़ता जा रहा है स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

भारत में भी 7 जून 2025 तक करीब 6000 केस आ चुके हैं,जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गए हैं, हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस बढ़ते संक्रमण को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई–लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई थी जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं। मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, बता दे जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में सभा के सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांतभविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता होगया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड– 19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा, यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक कमाल! चूँकि कोरोना वायरस (कोविड–19) जून 2025– कोरोना के आंकड़ों ने चौंकाया –एक्शन में भारत शासन प्रशासन आम जनता के सहयोग की मजबूत चौन अति आवश्यक है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसकआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फिर डालना,भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए प्राथमिकता से अत्यंत ही जरूरी है।

साथियों बात अगर हम कोविड –19 महामारी के भारत में पैर पसारने की करें तो, देशभर में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण के मामले तेजी बढ़ने लगे हैं,

कई राज्यों में एक्टिव केस की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में नए मरीज सामने आए हैं, शनिवार सुबह तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक्टिव मामलों की संख्या 5755 पहुंच गई है,बीते 24 घंटों में 391 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है– जिनमें से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु के लोग शामिल हैं।महाराष्ट्र में कोरोना के 86 नए पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं, राज्य में इस समय कुल 595 एक्टिव केस हैं, वहीं आज 749 मरीजों ने संक्रमण से पूरी तरह उबर कर रिकवरी दर्ज की है।उत्तराखंड में आज 3 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है। राज्य में इस समय केवल 9 सक्रिय केस हैं जबकि आज 17 लोग ठीक हुए हैं, कुल मामलों की संख्या 26 है, जिनमें से 7 प्रवासी मरीज थे और सभी पूरी तरह ठीक हो चुके हैं, पश्चिम बंगाल में वर्तमान में 622 सक्रिय मामले हैं, बीते 24 घंटों में 26 नए केस सामने आए हैं जबकि 88 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे हैं, राज्य में अब तक कोरोना से कोई भी मृत्यु दर्ज नहीं की गई है। हरियाणा में इस समय कुल 102 एक्टिव कोरोना केस हैं।

साथियों बात अगर हम डब्लूएचओ के विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में समझौतों की करें तो,विश्व स्वास्थ्य सभा ने भविष्य की महामारियों के लिए तैयार रहनें के लिए ऐतिहासिक समझौता अपनाया,विश्व का पहला महामारी समझौता, विश्व स्वास्थ्य सभा के सदस्य देशों द्वारा औपचारिक रूप से अपनाया गया, जो वर्तमान में जिनेवा में 27 में 2025 को समाप्त हुआ, संगठन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था 78 वें विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह ऐतिहासिक निर्णय कोविड–19 महामारी के विनाशकारी प्रभाव के जवाब में सरकारों द्वारा तीन साल से अधिक समय तक की गई बातचीत के बाद आया है, और इसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों से दुनिया को सुरक्षित बनाना और उनके जवाब में अधिक न्यायसंगत बनाना है, ऐसा डब्ल्यूएचओ ने कहा। यह महत्वपूर्ण समझौता ऐसे समय में हुआ है जब सिंगापुर और हांगकांग सहित अन्य देशों में कोविड–19 के मामलों में वृद्धि की खबरें आ रही हैं।

साथियों बात अगर हम माननीय भारतीय पीएम द्वारा 20 मई 2025 को इस 78 वें सत्र को संबोधन की करें तो, इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम ने कहा था कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि कोरोना वायरस (कोविड–19) जून 2025– कोरोना के आंकड़ों ने चौंकाया–एक्शन में भारत।क्या फिर लौट रहा है कोरोना का डरावना दौर?– शासन प्रशासन आम जनता के सहयोग की मजबूत चौन अति आवश्यक।वैश्विक स्तरपर मास्क, सेनेंटाइजर की फिर आदत डालना,भीड़भाड़ वाली जगहों व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए जरूरी है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

15 June 2025_Copy of Layout 1 6/15/2025 12:30 PM Page 3



# लगभग 900 बीघा भूमि पर जिला प्रशासन ने लहराया अपना परचम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 154, 4(3) क, ख एवं बिना अनुमति के 250 वर्ग मी0 से अधिक भूमि क्रय के उल्लंघन के प्रकरणों में गतिमान धारा 166/167 की कार्यवाही पर अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 154, 4(3) क, ख एवं बिना अनुमति के 250 वर्ग मी0 से अधिक भूमि क्रय के उल्लंघन के प्रकरणों में गतिमान धारा 166/167 की कार्यवाही पर लगाकर त्वरित निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार लैंडस्केम मामलों संवेदनशील है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शमन तामिली प्रक्रिया हो त्वरित करें समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराते हुए कार्यवाही तामिली कराएं,



जिलाधिकारी बैठक लेते हुए।

पर्याप्त अवसर देने तथा सुनवाई करने के उपरान्त निर्णय लें इस कार्यवाही में समय न लगाएं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर बाहरी व्यक्ति जिन्होंने नियमों का उल्लंघन करके और तथ्य छुपाकर देहरादून एवं उसके आसपास के इलाकों में भूमि क्रय की है, उनके खिलाफ कार्यवाई की जा रही है। इन लोगों ने अन्य कार्यों के लिए अनुमति लेकर भूमि का उपयोग होमस्टे या फार्म हाउस आदि बनाकर अपने ऐशोआराम व अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा है। जिससे उत्तराखंड के नागरिकों को जहां भूमि नहीं मिल रही है और दूसरी ओर भूमि के दाम आसमान छू रहे है। कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर ऐसे लोगों की भूमि राज्य सरकार में निहित करने की कार्रवाई की जा रही है। देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत को बचाने और पर्यावरण संरक्षण एवं राज्य के नागरिकों के हित में मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में उत्तराखंड में नया भू–कानून लागू किया गया है। सख्त भू–कानून लागू होने से अनियंत्रित भूमि खरीद और बिक्री पर रोक लगी है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जिला प्रशासन इसमें पूरी सजगता से काम कर रहा है।

ज्ञातब्य है कि धारा 154, 4(3) क, ख एवं बिना अनुमति के 250 वर्ग मी0 से अधिक भूमि क्रय के उल्लंघन के प्रकरणों में गतिमान धारा 166/167 के मामलों लगभग 260 से अधिक मामलों पर कार्यवाही करते हुए 900 बीघा भूमि राज्य सरकार में निहित कर ली है तथा लगभग 75 से 80 प्रकरण लम्बित हैं जिनमें 200 बीघा भूमि शेष है पर 30 दिन में सुनवाई पूर्ण करते हुए निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है।

जिले में उत्तराखण्ड उत्तरप्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 154 के कुल प्रकरण अन्तर्गत अन्तर्गत 260 प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए 900 बीघा भूमि राज्य सरकार में निहित की गई। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में भू कानून को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय। जिलाधिकारी सविन बसंल ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपनी–अपनी तहसील अन्तर्गत धारा 154 (4)(3)(क) और 154 (4)(3)(ख), 166/167 के उल्लंघन के शेष मामलों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

लगभग 900 बीघा भूमि पर जिला प्रशासन ने लहराया अपना परचम लहरा दिया है। प्रदेश के बाहर के व्यक्तियों द्वारा देहरादून में बिना अनुमति भूमि क्रय या अनुमति लेकर क्रय भूमि का उचित उपयोग न करने पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई। बीघों के बीघों पर अनुमति विपरित कंस्ट्रक्शन या बंजर करने पर प्रशासन फ्रंटफुट परधारा 166,167 अंतर्गत शेष बची 200 बीघा भूमि पर भी कब्जा वापसी शुरू कर दी है। भू नियम की शक्तियों का इस्तेमाल कर भू–कपट दुस्साहस, भ्रष्टता को धराशायी करता जिला प्रशासन। 15 जुलाई तक सभी जमीनों पर होगी प्रशासन परचम की तैयार कर ली है। डीएम ने कहा कि राज्य की भूमि का जन समृद्धि के लिए ही हो उपयोग; इसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। राज्य भू–कानून के उल्लंघन यानि हमारी अधिकारिक जिम्मेदारी का उल्लंघन है।

# ओटीपी मांगकर उसके साथ एक लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कोटद्वार के एक शख्स से ओटीपी मांग कर एक लाख रुपए ठग लिए गए। हालांकि, अब पुलिस ने ठगी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पौड़ी पुलिस ने ओटीपी के माध्यम से एक लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने वाले शातिर आरोपी को बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया है।

इस मामले में बीती 14 अप्रैल 2025 को कोटद्वार निवासी मनोज शर्मा ने पुलिस में एक शिकायती पत्र दिया था। उन्होंने बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ओटीपी मांग कर उनके बैंक खाते से 1,03,000 की ऑनलाइन ठगी कर ली है। इस पर कोटद्वार कोतवाली में बीएनएस की धारा 318(4) के तहत अभियोग दर्ज किया गया। पौड़ी गढ़वाल जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार चंद्र मोहन सिंह, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन तुषार बोरा और प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार रमेश तनवार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। जांच के दौरान ठगी की रकम दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर होना पाया गया। गहन जांच के बाद पुलिस ने एक शातिर साइबर ठग सुहेल खान को बुलंदशहर (यूपी) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी सुहेल ने बताया कि वो 12वीं तक पढ़ा हुआ है और बीते एक साल से लगातार साइबर ठगी कर रहा है। उसने विभिन्न बैंकों में 22 से ज्यादा खाते खुलवाए हैं।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में तीन दिवसीय समर कैंप आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, देहरादून शाखा द्वारा तीन दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया, जिसका समापन 13 जून 2025 को हुआ। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को मानसिक, शारीरिक एवं नैतिक रूप से सशक्त बनाना था।

कैंप में बच्चों को योगा, ज़ुम्बा, डांस, खेलकूद, नाटक और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नई–नई चीज़ें सिखाई गईं। खास बात यह रही कि इस बार माता–पिता को भी कई खेल गतिविधियों में शामिल किया गया, ताकि बच्चों को मोबाइल फोन जैसी आदतों से दूर रखकर उन्हें अपने अभिभावकों के साथ शारीरिक और रचनात्मक गतिविधियों में जोड़ा जा सके। इस सहभागी कार्यक्रम से बच्चों और माता–पिता के बीच आपसी


समर कैंप के प्रतिभागी।

संवाद और संबंध को भी बल मिला। साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, वृक्षारोपण और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर भी जागरूक किया गया। नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवन मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के विषयों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने मंच पर खुलकर अपनी प्रतिभा दिखाई और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को साध्वी अरुणिमा भारती एवं साध्वी जाह्नवी भारती द्वारा सम्मानित किया गया।

# साइबर ठगों का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार, लैपटॉप, फर्जी बैंक खाते व सिम सहित सामान बरामद

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतर्राज्जीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एसटीएफ व साइबर थाना कुमाऊं द्वारा सयुंक्त कार्यवाही कर 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 6 लैपटॉप, 23 मोबाईल, 17 सिम कार्ड, 9 बैंक खातो का विवरण मय बार कोड स्कैनर, वाईफाई डिवाईस, एटीएम, चौकबुक आदि बरामद किये गये है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि जनपद नैनीताल के काठगोदाम थाना क्षेत्रान्तर्गत साईबर क्राईम पुलिस


पकड़े गए आरोपी।

स्टेशन कुमाँयू परिक्षेत्र को साईबर ठगी से जुडे एक बडे अंतरराज्यीय गिरोह की मौजूदगी का पता चला। ग्राम बासुली अमृतपुर थानाक्षेत्र काठगोदाम जनपद नैनीताल में विक्की जोशी के निर्माणधीन होमस्टे के बाहरी दो कमरो में स्थानीय क्षेत्र के युवको द्वारा लैपटॉप व मोबाईल के माध्यम से साईबर धोखाधडी की जा रही है उनके कनेक्शन अन्य साईबर अपराधियो से है जो इंटरनेट का इस्तेमाल कर व्हटसअप तथा टेलीग्राम ग्रुप्रो के माध्यम से विभिन्न लोगो के नाम पर खुलवाये गये बैक अंकाउट इन लडको को उपलब्ध कराते है तथा इनके द्वारा इन बैक एकाउटो में भारतवर्ष के अलगकृअलग स्थानो से साईबर धोखाधडी के शिकार हुए लोगो का धन मँगाकर उसे स्थानान्तरित किया जाता है।

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसटीएफ कुमाँयू यूनिट तथा साईबर थाना कुमाँयू परिक्षेत्र द्वारा संयुक्त रूप से तकनीकी व मैनुअली रूप से जानकारी जुटाई गई । सटीक जानकारी मिलने पर ज्ञात हुआ कि साईबर अपराधियो द्वारा आबादी से दूर सुनसान जगह पर किराये पर रहकर आधुनिक उपकरणो की सहायता से देशभर में साईबर धोखाधडी की घटनाओ को अंजाम दिया जा रहा है। थाना काठगोदाम पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए बताये गये स्थान पर दबिश दी गयी। जहा साईबर अपराधियो द्वारा 1 बंद कमरे मे लैपटॉप, मोबाईल व बैक खातो, ओटीपी के माध्यम से लोगो के साथ साईबर धोखाधडी की जा रही थी।

15 June 2025_Copy of Layout 1 6/15/2025 12:30 PM Page 4



# भारतीय सेना को मिले 419 जांबाज अफसर, 9 मित्र देशों के 32 कैडेट भी हुए पास आउट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** तन, मन और जीवन देश को समर्पित करने की शपथ के साथ भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट भारतीय सेना का हिस्सा बने। इसके साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने रिव्यूइंग ऑफिसर के रूप में परेड की सलामी ली।



आईएमए पासिंग आउट परेड के दौरान जैंटलमैन कैडेट।

उन्होंने आईएमए से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर पास आउट हो रहे ऑफिसर कैडेट्स को बधाई दी एवं उत्कृष्ट परेड, अनुशासित परिधान और अद्वितीय समन्वय के लिए प्रशिक्षकों और कैडेट्स की सराहना की। यह दौरा भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच पारंपरिक, सुदृढ़ और ऐतिहासिक सैन्य संबंधों का परिचायक है तथा आपसी सहयोग को और सशक्त बनाएगा। परेड के दौरान ऑफिसर कैडेट्स ने सारे जहां से अच्छा और कदम-कदम बढ़ाए जा जैसे प्रेरक सैन्य धुनों पर अनुशासित और जोशीले कदमों से मार्च करते हुए अपनी प्रतिबद्धता, गर्व और आत्मविश्वास का परिचय दिया। इस ऐतिहासिक क्षण को उनके परिजन, गणमान्य अतिथि और देश-विदेश के दर्शक मीडिया के माध्यम से साक्षी बने। आईएमए की पासिंग आउट परेड की शुरुआत सुबह 6.38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ हुई। 6.42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए चौटवुड बिल्डिंग के परेड मैदान में पहुंचे। खास बात यह रही कि श्रीलंका के सेना प्रमुख खुद 1990 में भारतीय सैन्य अकादमी के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं। ऐसे में भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में रिव्यूइंग ऑफिसर बनकर आने पर उनकी पुरानी यादें भी ताजा हुई। आईएमए की पासिंग आउट परेड के दौरान बेस्ट कैडेट और कंपनी को मिलने वाले सम्मान का सबको इंतजार रहता है। इस बार भी जब इसकी घोषणा की गई तो आईएमए देहरादून का परेड समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और गोल्ड मेडलिस्ट के नाम घोषित किए गए। जिन जेंटलमैन कैडेट को अवॉर्ड मिले, उनके नाम इस प्रकार हैं। स्वॉर्ड ऑफ ऑनर व सिल्वर मेडल-अनिल नेहरा गोल्ड मेडल-रोनित रंजन, ब्रॉन्ज मेडल-अनुराग वर्मा, टीईएस सिल्वर-कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी को प्रदान किया गया। परेड को संबोधित करते हुए समीक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो ने भावुक होते हुए कहा कि आईएमए के पूर्व छात्र होने के नाते इस ऐतिहासिक परेड की समीक्षा करना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है।

## जनहित कार्यों की रीढ़ है आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां: रेखा आर्या

**नई टिहरी।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने टिहरी जनपद में चयनित की गई सैकड़ो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह आयोजन खेल विभाग के सभागार में किया गया।
महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने हाल ही में पूरे प्रदेश में 6330 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 722 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों यानी कुल मिलाकर 7052 पदों पर भर्ती की है। इनमें से लगभग 700 नियुक्ति टिहरी जनपद में की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पद सिर्फ रोजगार का एक माध्यम नहीं बल्कि यह सेवा का एक बड़ा अवसर है। भाजपा सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में सर्वाधिक बढ़ोतरी की है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भर्ती ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई।

# प्रसिद्ध छायाकार और प्रकृति प्रेमी पद्मश्री अनूप साह ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन नैनीताल में प्रसिद्ध छायाकार और प्रकृति प्रेमी पद्मश्री अनूप शाह ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण, हिमालय, बच्चों में प्रकृति के प्रति रुचि बढ़ाने जैसे कई विषयों पर चर्चा की।

राज्यपाल ने अनूप साह के फोटो के माध्यम से प्रकृति और हिमालय की सुंदरता को दिखाने और लोगों को जागरूक करने के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके जैसे लोगों से प्रेरणा लेकर बच्चों को भी प्रकृति, हिमालय और पर्यावरण का महत्व समझाया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की सुंदरता, हिमालय, वन्य जीवन और जैव विविधता हमारी अमूल्य धरोहर है। बच्चों में प्रकृति के लिए प्यार और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना जरूरी है।

इस दौरान यह भी चर्चा हुई कि बच्चों को स्कूल स्तर से ही नेचर वॉक, हिमालयी क्षेत्रों की भौगोलिक व जैविक विशेषताओं और पर्यावरण संरक्षण की व्यवहारिक समझ दी जानी चाहिए, ताकि वे भविष्य के उत्तरदायी नागरिक बनें। पद्मश्री अनूप साह ने भी राज्यपाल को अपने विभिन्न अभियानों और फोटो डॉक्युमेंटेशन से अवगत कराया, जो उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हिमालयी जीवनशैली के प्रचार-प्रसार के लिए किए हैं।

# भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रणनीति को अंतिम रूप दिया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने प्रदेश प्रभारी एवं मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में पार्टी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रणनीति को अंतिम रूप दिया है। पार्टी शीघ्र सभी विधानसभा क्षेत्रों के समर्थित जिला पंचायत सदस्यों के चयन के लिए पर्यवेक्षक भेजेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास में पंचायत चुनावों के संदर्भ में दो महत्वपूर्ण बैठक हुई। सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रदेश टोली बैठक हुई, तदुपोरांत प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार शामिल हुए। जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की



बैठक में चर्चा करते सीएम, प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष।

रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए पार्टी के समर्थित प्रत्याशी चयन हेतु पर्यवेक्षकों के नामों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही इस बार प्रत्येक प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ाने की योजना बनाई गई। चौहान ने बताया कि बैठक में निश्चित किया गया है कि जैसे ही चुनाव तिथि और आरक्षण की अंतिम घोषणा होगी, पर्यवेक्षकों को क्षेत्रों में भेज दिया जाएगा। जहां वह जिला पंचायत सदस्य पद के लिए समर्थित उम्मीदवारों के नामों का पैनल तैयार किया जाएगा।

# भाजपा ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा परिवार द्वारा अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस संदर्भ में बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया।



विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।

जिसमें पार्टी राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम और प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित करते हुए अपनी मौन श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देते हुए दुष्यंत कुमार गौतम से कहा, जब से अहमदाबाद से लंदन जाने वाले विमान क्रैश हुआ, तब से देश में शोक की लहर व्याप्त है। देश ही नहीं विश्व के भी लोगों ने उसमें जान गंवाई है, उससे चारों और शोकाकुल वातावरण है। अपनी हवाई यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, आज एयरपोर्ट में यात्री तो थे लेकिन वह चहल-पहल और आपसी चर्चा नहीं दिखाई जो अमूमन नजर आती थी। कल के दुखद हादसे में हमने जिनको भी खोया, उनका सामाजिक आर्थिक व्यवहारिक योगदान महत्वपूर्ण था।

भाजपा परिवार ने भी इस दुर्घटना में अपने बहुत ही वरिष्ठ नेता एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी को खोया है। हम सभी के परिवार के लिए यह घटना बहुत दुखद है। राहत बचाव कार्यों को लेकर वहां कल से पूरा प्रशासन, पूरी सरकार लगी हुई है। ऐसे में हमारी प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें और जिन परिवारों को क्षति या नुकसान हुआ है, उनको दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं इस संकट और पीड़ा से पार पाते हुए, देश को पुनः विकास की धारा में आगे बढ़ाने की शक्ति ईश्वर हमे प्रदान करें। इस दौरान अपनी संवेदना में प्रदेशाध्यक्ष श्री भट्ट ने कहा, कल का घटनाक्रम बहुत ही दुखद है जिसमें 265 व्यक्ति अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए। ये ऐसी क्षति है जिसकी जिसकी कल्पना नहीं की गई थी, भारत के नागरिकों के साथ-साथ अनेक देशों के नागरिक की भी इसमें क्षति हुई है। इतनी बड़ी घटना में दुख व्यक्त करने के प्रत्येक शब्द कमतर हैं।

# आयुक्त सचिव ने कैंची धाम मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से की तैयारियों का निरीक्षण किया

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आयुक्तसचिव माननीय मुख्यमंत्री, दीपक रावत तथा पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं, रिद्धिम अग्रवाल ने रविवार, 15 जून को आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध कैचीधाम मेले को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से की गई तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई शटल सेवा, वाहन पार्किंग, शौचालय, पेयजल, साफ–सफाई, चिकित्सा, विद्युत व्यवस्था आदि का गहन निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के अनुकूल होनी चाहिए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है। इनमें सबसे बड़ा पार्किंग स्थल भीमताल स्थित विकास



भवन के पास है। अन्य पार्किंग स्थल सैनिटोरियम भवाली, रामलीला मैदान भवाली, रोडवेज बस अड्डा भवाली और नैनीबैंड में बनाए गए हैं। इन सभी स्थलों पर नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे निजी अथवा दोपहिया वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ा कर केवल शटल सेवा के माध्यम से ही धाम पहुंचें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने अवगत कराया कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस अधिकारी व जवान भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और मार्गदर्शन जैसे दायित्वों को पूरी तत्परता से निभा रहे हैं। कुमाऊं आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान कहा कि "तैयारियां संतोषजनक हैं और इस निरीक्षण का उद्देश्य है कि तैयारियों को सुदृढ़ करते हुए संभावित समस्याओं को समझकर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।" उन्होंने कहा कि कैंचिधाम एक विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, हमारे लिए यह एक गर्व की बात है कि हमें बाबा जी के जन्मोत्सव को मनाने का अवसर मिल रहा है। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी स्थिति में असुविधा न हो। निरिक्षण के दौरान कैंची मंदिर से 1 किलोमीटर पूर्व पुलिस चेकपोष्ट से 500 मीटर भवाली की ओर सड़क में तत्काल विद्युत व्यवस्था के निर्देश आयुक्त द्वारा सबंधित अधिकारीयों को दिए ताकि रात्रि में अवागमन में सुविधा रहे। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा, पुलिस अधीक्षक बागेश्वर चंद्रशेखर घोड़ाकरे,पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, अपर जिलाधिकारी एफ. आर. चौहान, विवेक राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैंची धाम स्थापना दिवस पर सांसद अजय भट्ट ने दी शुभकामनाएं

**हल्द्वानी / नैनीताल।** विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में 15 जून को बाबा नीम करोली महाराज जी का स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। बाबा के भक्त देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी इस पावन अवसर पर कैंची धाम, नैनीताल पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का जनसैलाब एक दिन पहले ही आश्रम की ओर उमड़ पड़ा है, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण और भक्ति की अनुभूति स्पष्ट देखी जा सकती है। इस अवसर पर नैनीताल–उधम सिंह नगर से सांसद अजय भट्ट ने बाबा नीम करोली महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए स्थापना दिवस की सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। कहा कि बाबा नीम करोली महाराज की कृपा और आशीर्वाद से ही उत्तराखंड की यह पवित्र भूमि आज संपूर्ण विश्व में आस्था का केंद्र बन चुकी है। बाबा की साधना, सेवा और प्रेम की शक्ति ने लाखों–करोड़ों लोगों के जीवन को दिशा दी है।

## फर्जी दस्तावेज़ों से धर्म परिवर्तन और निकाह मामले में मौलवी समेत 3 के खिलाफ केस दर्ज

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सागर अग्रवाल उर्फ सैम अली के धर्म परिवर्तन के मामले में नया मोड़ सामने आया है। फर्जी पहचान, दस्तावेज़ और धर्म परिवर्तन के जरिए विवाह करने के मामले में बनभूलपुरा थाना पुलिस ने सागर अग्रवाल उर्फ सैम अली पत्नी फरहीन सहित मौलवी सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बनभूलपुरा थाना पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि सागर अग्रवाल नाम के युवक ने फरहीन नाम की युवती के कहने पर न सिर्फ इस्लाम धर्म अपनाया बल्कि खुद की नई पहचान सैम अली के रूप में गढ़ी। इसके लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र तक फर्जी तरीके से बनवाए गए। शिकायतकर्ता ज्योति अग्रवाल द्वारा की गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस उपनिरीक्षक जगवीर सिंह ने दस्तावेज़ी साक्ष्यों और प्रत्यक्ष पूछताछ के आधार पर इस पूरे फर्जीवाड़े की परतें खोलीं।

जांच के दौरान नगर निगम हल्द्वानी से प्राप्त प्रमाणिक दस्तावेजों से यह साबित हुआ कि सैम अली नाम से बना जन्म प्रमाण पत्र एक महिला मलका परवीन के आधार कार्ड और शपथपत्र के आधार पर तैयार किया गया। जांच में सामने आया है कि सागर अग्रवाल और फरहीन के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। फरहीन ने सागर को धर्म परिवर्तन के लिए राज़ी किया। दोनों ने फर्जी आधार पर नई पहचान बनाकर 17 जुलाई 2021 को विवाह पंजीकरण कराया।

## पत्नी की प्रताड़ना से मौत को गले लगाने वाले युवक के परिजनों ने उसके ससुरालयों पर लगाए गंभीर आरोप

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पत्नी की प्रताड़ना से तंग युवक द्वारा मौत को गले लगाने के मामले में मृतक की मां ने उसकी पत्नी एवं मायके वालों पर पुत्र को प्रताड़ित करते हुए आत्महत्या के लिए मजबूर करने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए लालकुआं कोतवाली में तहरीर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां वार्ड नंबर एक निवासी नरगिस पत्नी स्वर्गीय इसरार ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि गत दिवस उनके पुत्र इकरार ने जहरीले पदार्थ का शेवन करके अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, उसके द्वारा यह जानलेवा कार्य अपनी पत्नी एवं उसके मायके वालों की प्रताड़ना से तंग आकर किया है, नरगिस का कहना है कि उसके बेटे का विवाह 15 नवंबर 2021 को रुखसार पुत्री मुन्ने खा निवासी ग्राम अकोली थाना बिल्सी जिला बदायूं के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुआ था, शादी के बाद से ही रुखसार का व्यवहार पति एवं अन्य ससुरारियों के प्रति अत्यंत खराब था, वह कुछ ही मांह लालकुआं अपने पति के पास रही, इस दौरान उसने अपने पति की पिटाई भी लगायी, पत्नी के मायके जाने के बाद उसे समझाने जब इकरार उसके घर गया तो ससुरालियों एवं उसकी पत्नी ने मिलकर इकरार के साथ मारपीट की, यहां तक कि उसे चप्पलों से भी पीटा गया, पत्नी की प्रताड़ना एवं उसके द्वारा न्यायालय में झूठा केस दर्ज कर देने से डिप्रेशन में आए इकरार ने जहरीले पदार्थ का सेवन करते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। नरगिस ने अपने बेटे की मौत के जिम्मेदार उसकी पत्नी रुखसार समेत अन्य मायके वालों को ठहराते हुए उन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। इधर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल का कहना है कि महिला द्वारा लालकुआं कोतवाली में मामले की तहरीर दी गई है जिस पर जांच की जा रही है।

## प्राणमति नदी में बना लकड़ी का वैकल्पिक पुल बह

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शुक्रवार को थराली के सोल क्षेत्र में हुई भारी बारिश से प्राणमति नदी में बना लकड़ी का वैकल्पिक पुल बह गया था जिससे सूना, थराली गांव, पैनगढ़, देवलग्वाड़ और सुनांउ गांव के पांच हजार से अधिक की आबादी का संपर्क तहसील और ब्लाक मुख्यालय से कट गया।

शनिवार को लोक निर्माण विभाग थराली द्वारा जेसीबी मशीन से पुल बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी है लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सचिन अशोक ने बताया जैसे ही जल स्तर कम हो जाता



वैकल्पिक पुल बनाने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी जहा शनिवार को लकड़ी का वैकल्पिक पुल बहने से तीस से अधिक व्यापारी और सैकड़ों ग्रामीण थराली में ही फंस गये हैं देर शाय जल स्तर कम होने पर लोग बड़ी मुश्किल से एक दूसरे को सहारा देकर अपने घर पहुँचे।

## नगर क्षेत्र गौचर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अनिल मिश्रा जी नहीं रहे, लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका क्षेत्र गौचर के प्रतिष्ठित, व्यवहार कुशल, व्यवसायी 56 वर्षीय अनिल मिश्रा का बीते रोज आकस्मिक निधन हो गया था।

शनिवार सुबह 10 बजे उनके पैतृक घाट तलधारी के पास अलकनंदा नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र सोनों, भानों भाई अरुण मिश्रा, ओम मिश्रा, हरीश मिश्रा, चाचा डॉ. मगना नन्द मिश्रा के साथ परिजनों ने चीता को मुखाग्नि दी गई। इस अवसर पर स्थानीय जनता सहित भारी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे। व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप नेगी, पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश नेगी, अवर अभियंता राजीव चौहान, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयकृत बिष्ट, आनन्द सिंह बिष्ट, पूर्व सांसद प्रतिनिधि नवीन टाकुली, भाजपा नगर अध्यक्ष शैलेंद्र नेगी, कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष जगदीश कनवासी, सुनील पंवार, स्थानीय मीडिया बिरादरी द्वारा अनिल मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है।

15 June 2025_Copy of Layout 1 6/15/2025 12:30 PM Page 6



# बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे में दिवंगतजनों की आत्म शांति हेतु श्री बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा बदरीनाथ मंदिर में सामूहिक प्रार्थना की गयी तथा शोक सभा आयोजित हुई। श्री बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने अपने संदेश में अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया के विमान हादसे में दिवंगत हुए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित सभी दिवंगतों के प्रति शोक संवेदना जताई तथा श्रद्धांजलि व्यक्त की है।



शनिवार को श्री बदरीनाथ मंदिर में बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती तथा बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कपरवाण, बदरीनाथ मंदिर प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित सभी की आत्मशांति की प्रार्थना की। वहीं बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल एवं केदारनाथ धाम मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी ने विमान दुर्घटना के दिवंगतों के प्रति संवेदना जताई है। बदरीनाथ स्थित बीकेटीसी कार्यालय सभागार में शोक सभा में संवेदना जताई गयी।

शोक सभा में बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, बीकेटीसी प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़, योगंबर नेगी, अजीत भंडारी, अमित पंवार हरीश जोशी, राहुल मैखुरी आदि मौजूद रहे।

ब्रह्मकपाल से जुड़े तीर्थ पुरोहित एवं वरिष्ठ पत्रकार डा. ब्रिजेश सती ने विमान हादसे में दिवंगतों के प्रति शोक व्यक्त किया। ब्रह्मकपाल तीर्थ पुरोहित समिति अध्यक्ष उमेश सती ने बताया कि सुधीर हटवाल, महावीर हटवाल,मदन कोठियाल, सुरेश हटवाल, दीनदयाल कोठियाल, संजय हटवाल, प्रमोद हटवाल, सुबोध हटवाल, सुभाष नौटियाल, हरीश सती, शक्ति हटवाल ने ब्रह्मकपाल के निकट आयोजित शोक सभा में विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की।

## अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव मिलने से सनसनी

**नैनीताल।** रामनगर–काशीपुर मार्ग पर किशनपुर चिलकिया पावर हाउस के पास एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा–गला शव मिलने सें सनसनी फैल गई।

आनन फानन में लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया शव मिलने की सूचना पर उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जिसके बाद शुरुआती जांच की जा रही है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शव करीब 5 से 6 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। यह पूरी तरह सड़ चुका है. शव के चेहरे की पहचान संभव नहीं हो पाई है। कोतवाल ने बताया कि पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया पुलिस टीम द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। जिससे मृतक की पहचान हो सके।

# हल्द्वानी में भ्रष्ट पुलिसकर्मियों की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पुलिसकर्मियों की भ्रष्टाचार में लिप्तता और अपराधियों के साथ साठ गांठ को लेकर अब आईजी कुमाऊं ने सख्त निर्देश जारी किया है। जिसके लिए पुलिस विभाग ने अब टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। जिसके माध्यम से आम जनता अब पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की शिकायत टोल फ्री नंबर पर कर सकती है।

आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त एवं ड्रग्स फ्री बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत कुमाऊं रेंज स्तर पर स्पेशल टास्क फोर्स आपरेशन का गठन किया गया है। इन टीमों का उद्देश्य नशे के कारोबार और पुलिस की मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। साथ ही समाज में कानून–व्यवस्था और शांति–सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करना है। आईजी ने निर्देश जारी किया है की यदि एसओटीएफ की कार्रवाई के दौरान कोई पुलिसकर्मी किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए रेंज स्तर पर हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है। जिस पर केवल अवैध ड्रग्स के कारोबार एवं पुलिस की मिलीभगत से हो रहे भ्रष्ट्राचार एवं संगठित जघन्य अपराधों की ही सूचना दे सकते हैं। आईजी कुमाऊं रेंज ने कहा ड्रग्स की बिक्री, पुलिस की मीलीभगत से हो रहे भ्राष्टाचार एवं गंभीर संगठित अपराधों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी।

# बारिश के चलते कुमांऊ-गढ़वाल को जोड़ने वाला हाईवे बाधित

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में मूसलाधार बारिश के चलते रामनगर क्षेत्र में नदी नाले उफान पर आ गए हैं। इसी कड़ी में कुमाऊं और गढ़वाल को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 309 धनगढ़ी नाले के उफान पर आने से बाधित हो गया। हाईवे पर नाले के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।



बाढ़ में फंसे वाहन।

बता दें कि यह वही मार्ग है, जो कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढिकाला पर्यटन जोन तक जाता है। लिहाजा, यहां सफारी पर जाने वाले कई पर्यटक भी बीच रास्ते में फंस गए। धनगढ़ी का यह बरसाती नाला हर साल बारिश के समय पर उफान पर आ जाता है। जो हादसे का कारण भी बन जाता है। इस बार भी बरसात से पहले ही नाले का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। शुक्रवार की सुबह से नैनीताल में तेज बारिश हो रही है। जिसके चलते धनगढ़ी नाला उफान पर आ गया। जैसे ही नाले में पानी का बहाव तेज हुआ, वैसे ही वहां से गुजर रहे वाहन चालक रुक गए। नाले से मटमैला पानी को बहता देख लोग सहम गए। फिलहाल, वहीं, प्रशासन की ओर से एहतियातन लोगों को नाला पार न करने की सलाह दी गई। इस बारिश के कारण न केवल स्थानीय लोग बल्कि, सैकड़ों की संख्या में पर्यटक भी प्रभावित हुए हैं। पहाड़ी क्षेत्रों को जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण पानी का स्तर अभी भी खतरे के निशान के आसपास है।

# एक महीने से पेयजल संकट बना हुआ है विकासखंड पोखरी के सरमोला गांव में

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकास खंड पोखरी की ग्राम पंचायत सरमोला में गांववासी गत एक माह से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। प्राकृतिक जल स्रोत से पानी ढोकर प्यास बुझाने को मजबूर हो रखें है।



उप जिलाधिकारी पोखरी अबरार अहमद को दिये गये ज्ञापन में ज्ञापन यह भी कहा गया है कि सरमोला गांव के लोगो की प्यास बुझाने के लिए पेयजल पुनर्गठन योजना पोखरी – सेमी – खसखाल और भरपूर तोक से तीन योजनाएं बनी है। लेकिन वर्तमान में तीनो योजनाओ पर पानी नही चल रहा है। जबकि विभाग द्वारा पानी के बिल लगातार आ रहे है और उपभोक्ता पैसा जमा कर रहे है।

उप जिलाधिकारी पोखरी से समस्या का समाधान करने की मांग करते हुऐ कहा गया है कि ग्राम सरमोला में गत एक माह से पेयजल आपूर्ति बंद पड़ी है। और ग्रामीणो ने योजना से संबंधित फीटर के व पेयजल संस्थान पोखरी तक के कई चक्कर लगा दिए है। परन्तु कोई हल नही निकला है।

ग्रामीण लगातार नल के नीचे पानी भरने के लिए खाली वर्तन लगा कर पानी का इंतजार कर रहे है। लेकिन एक माह से पानी की आपूर्ति टप्प पड़ी हुई है। कहा गया है कि आज कल जून माह में स्कूलो की छुट्टियां पड़ने से बच्चो के साथ माता–पिता भी घर आये है। लेकिन गांव की हालात बिना पानी के नर्क बनी है। गांव के लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वे परिवार सहित घर आए है, सोचा था कि घर की शांत वादियों में दिन व्यतीत हो जायेगे। ठंडे पानी से स्नान हो जायेगा परन्तु गांव की हालत पानी के बिना सूनी पड़ी है। यहां तो पीने के लिए भी पानी नसीब नही हो रहा है ।

उन्होंने कहा कि सरकार रिवर्स पलायन की बात तो कर रही है, लेकिन ऐसी स्थिति में कैसे रिवर्स पलायन होगा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में आ रहे भाजपा के जिलाध्यक्ष से भी पानी की समस्या रखी और ग्रामीणो को आश्वस्त किया कि वे पानी विभाग के इंजिनियरो से बात करेंगे लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

15 June 2025_Copy of Layout 1 6/15/2025 12:30 PM Page 7



# डीएम के आह्वान पर कई वर्षों बाद जिले में इमरजेंसी कम्यूनिकेशनस, पब्लिक वार्निंग अलर्ट सिस्टम उच्चीकृत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा आपदा एवं आपातकाल स्थिति से जनमानस की सुरक्षा एवं अलर्ट करने के लिए तैयारी एडवांस स्टेज पर हैं अब देहरादून जिला आधुनिक लांग रेंज इमरजेंसी सायरन से लेस हो रहा है। शुरूआती चरण में जिले में 16 किमी एवं 08 किमी रेंज तक सुनवाई देने वाले एडवांस टैक्नॉलाजी वाले 15 सायरन सभी प्रमुख स्थानों पर लगाए जा रहे हैं जिनका आज आपदा कन्ट्रोलरूम में परीक्षण किया गया है।

जिले में पहली बार आर्मी, पैरामिलट्री, एयरपोर्ट, बड़े अस्पताल आदि वायटल इन्सटॉलेशन यूनिट पर जिलाधिकारी की पहल पर रेपिड कम्यूनिकेशन सिस्टम भी लगाये जा रहे हैं, इससे बाहरी आक्रमण एवं अन्य अपातकालीन स्थिति में एक ही समय पर सभी संस्थानों से एक साथ कम्यूनिकेशन हो सकेगा। युद्व एवं हवाई हमले जैसी हालात में



जिलाधिकारी।

आम नागरिकों को खतरे की चेतावनी देने और सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए राजधानी देहरादून के सभी प्रमुख स्थानों पर सायरन लगाने का काम शुरू हो गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल की मौजूदगी में शनिवार को जिला आपतकालीन परिचालन केंद्र में नए खरीदे गए आधुनिक सायरन का परीक्षण किया गया है। आधुनिक लांग रेज सायरन शुरूआती चरण में घनी आबादी वाले 15 स्थानों यथा थानों पुलिस चौकी में स्थापित किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पहले चरण में देहरादून सिटी के घनी आबादी वाले पुलिस थाना–चौकियों में 08 किलोमीटर और 16 किलोमीटर रेंज के 15 सायरन लगाए जा रहे है। इनका ट्रिगर संबंधित थाना–चौकियों सहित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र में भी रहेगा। शुरूआती चरण में 16 किमी रेंज के 06 तथा 08 किमी रेंज के 09 आधुनिक सायरन स्थापित किये जा रहे हैं, जिससे पूरी देहरादून सिटी में एक साथ सायरन की आवाज सुनाई दे सकेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सायरन लगाने का मकसद आपात स्थिति में आम नागरिकों से तुरंत जुडकर उनको खतरे का चेतावनी संदेश पहुंचाना है। ताकि सायरन की आवाज सुनते ही लोग खुले स्थानों से हटकर सुरक्षित स्थानों पर जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि दूसरे चरण में जनपद के ऋषिकेश, विकासनगर, चकराता एवं अन्य प्रमुख शहरों में भी चेतावनी सायरन स्थापित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि सिटी में 1970 दशक के पुराने सायरन लगे थे। देहरादून में उस समय की आबादी के हिसाब से सायरन लगाए गए थे। वर्तमान में देहरादून की घनी आबादी में सभी स्थानों तक सायरन की आवाज पहुंचाने के लिए नए आधुनिक सायरनों की खरीद कर इनका परीक्षण कर लिया गया है।

## भारत में ग्रोथ को नई रफ्तार देने की तैयारी

**देहरादून।** साल 2025 दुनियाभर में स्कोडा ऑटो के लिए खास मायने रखता है। जहां कंपनी अपने समृद्ध 130 साल के इतिहास का जश्न मना रही है, वहीं भारत में स्कोडा ऑटो को सफलतापूर्वक 25 साल पूरे हो गए हैं। ग्राहकों के और करीब पहुंचने की रणनीति को आगे बढ़ाते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत बनाने के लिए कई अहम ब्रांड, प्रॉडक्ट, नेटवर्क और ग्राहक–केंद्रित पहलों की रूपरेखा तैयार की है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, यूरोप के बाहर भारत स्कोडा ऑटो के लिए सबसे अहम ग्रोथ मार्केट है। हमारा फोकस एक ऐसा मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड बनाने पर है, जिसमें उद्देश्य की स्पष्टता, सोच में पारदर्शिता और काम को तेजी से अंजाम देने की क्षमता हो। हमारे प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो की आक्रामक रणनीति लगातार बदलती ग्राहकों की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुरूप है, जो हमारे विकास के सफर को गति दे रही है।

## हमेशा हॉलमार्क युक्त आभूषण ही खरीदें ताकि गुणवत्ता और शुद्वता सुनिश्चित हो: सौरभ तिवारी

**बागेश्वर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा द्वारा ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होटल नरेंद्र पैलेस बागेश्वर में किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्वर्णकारों को हॉलमार्किंग, गुणवत्ता मानकों और अनुपालन प्रक्रियाओं के नवीनतम विकास के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सौरभ तिवारी, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस ने किया। उन्होंने बीआई प्रमाणन की महत्ता और सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोने की शुद्धता की गारंटी हॉलमार्किंग के माध्यम से सुनिश्चित होती है और उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे आभूषण खरीदते समय एचयूआईडी नंबर, कैरेट और बीआईएस लोगों की जांच अवश्य करें।

सौरभ कुमार चौरसिया सहायक निदेशक एवं श्रीकांत मिश्रा हॉलमार्क रिप्रजेंटेटिव, बीआईएस ने हॉलमार्किंग केंद्रों के संचालन, नए एचयूआईडी–आधारित हॉलमार्किंग प्रणाली और 14 कैरेट से 24 कैरेट तक की ज्वैलरी पर हॉलमार्किंग की अनिवार्यता पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक विधानसभा क्षेत्र कपकोट सुरेश गढ़िया,नगर पालिका परिषद बागेश्वर के अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में उपभोक्ता जागरूकता और ज्वैलर्स की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

## नंदन नीलेकणी की फंडामेंटम पार्टनरशिप से 173 करोड़ रुपए जुटाए

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत का पहला डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश प्लेटफॉर्म स्टेबल मनी ने सीरीज़ बी फंडिंग राउंड में 173 रुपए करोड़ जुटाए हैं। इस निवेश का नेतृत्व फंडामेंटम पार्टनरशिप ने किया, जिसकी स्थापना इन्फोसिस के सह–संस्थापक और आधार के शिल्पकार नंदन नीलकेणी ने की है। आदित्य बिड़ला वेंचर्स ने भी इस राउंड में भाग लिया, वहीं जी47, आरटीपी ग्लोबल और लाइटस्पीड जैसे मौजूदा निवेशकों ने दोबारा निवेश कर प्लेटफॉर्म में अपना भरोसा जताया। यह फंडिंग स्टेबल मनी की बड़ी सीरीज़ ए राउंड के महज़ दस महीने बाद आई है, जो इसके तेज़ विकास और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाती है। स्टेबल मनी कई फिक्स्ड इनकम



निवेश विकल्प प्रदान करता हैकृजैसे कि 9.1 प्रतिशत तक ब्याज देने वाली फिक्स्ड डिपॉजिट्स, एफडी–समर्थित सुरक्षित क्रेडिट कार्ड, और स्टेबल बॉन्ड्स (स्टेबल ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित)। यूज़र्स 200 से अधिक बैंकों की एफडी दरों की तुलना कर सकते हैं, 3 मिनट से भी कम समय में एफडी बुक कर सकते हैं, 7–दिन की ट्रायल एफडी आज़मा सकते हैं और बिना कोई बचत खाता खोले तत्काल निकासी कर सकते हैं। 2022 में लॉन्च होने के बाद से, स्टेबल मनी ने अब तक देशभर में 20 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं को जोड़ा है और इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट ध्3,000 करोड़ के पार जा चुका है। उत्तराखंड में भी करीब 25,000 उपयोगकर्ता स्टेबल मनी के साथ सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश कर रहे हैं। भारत में फिक्स्ड डिपॉजिट्स सबसे अधिक भरोसेमंद वित्तीय साधनों में गिनी जाती हैंकृ वर्तमान में 23 करोड़ से अधिक लोगों के पास एफडी हैं। यह सेक्टर हर साल लगभग 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उत्तराखंड में भी इसका दायरा बेहद बड़ा है, यहां 40 लाख से अधिक एफडी मौजूद हैं, जिनमें कुल जमा राशि 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक है (आरबीआई के अनुसार)। बावजूद इसके, देश में 94 प्रतिशत एफडी पर 8 प्रतिशत से कम ब्याज मिल रहा है।

## डीजीटी और शैल इंडिया ने लॉन्च किया ग्रीन-स्किल पर आधारित ईवी ट्रेनिंग प्रोग्राम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने शेल इंडिया के सहयोग से एक ग्रीन स्किल्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य छात्रों एवं फैकल्टी को ग्रीन एनर्जी और ई–मोबिलिटी में भविष्य के लिए तैयार करना है।

दिल्ली–एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक के चुनिंदा ओद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) एवं राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों



(एनएसटीआई) में शेल के ट्रेनिंग पार्टनर एड्युनेट फाउन्डेशन द्वारा इस पहल को अंजाम दिया जाएगा। डीजीटी एवं शेल इंडिया की साझेदारी में यह ग्रीन स्किल प्रशिक्षण चुनिंदा एनएसटीआई और आईटीआई में संरचित बहु–स्तरीय मॉडल के ज़रिए दिया जाएगा। इस प्रोग्राम के पहले चरण में 4 एनएसटीआई में 240 घण्टे का अडवान्स्ड ईवी टेकनिशियन कोर्स, शेल के सहयोग से संचालित प्रयोगशाला से युक्त 12 आईटीआई में 90 घण्टे का जॉब–ओरिएन्टेड ईवी स्किल कोर्स तथा बिना फिज़िकल लैब वाले अतिरिक्त आईटीआई संस्थानों में 50 घण्टे का फाउन्डेशनल ग्रीन स्किल मोड्युल शामिल है। प्रोग्राम का पाठ्यक्रम शेल, एड्युनेट फाउन्डेशन एवं डीजीटी द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, जो ईवी सिस्टम, डायग्नॉस्टिक्स, बैटरी टेक्नोलॉजी, डिजिटल टूल्स एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल्स को कवर करता है। इस पहल में 250 प्रशिक्षकों के लिए ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी), शेल एवं डीजीटी द्वारा को–ब्राण्डेड सर्टिफिकेशन तथा प्लेसमेन्ट के लिए सहयोग शामिल है।

चुनिंदा आईटीआई एवं एनएसटीआई में विशिष्ट ईवी स्किल लैब्स की स्थापना इस पहल का मुख्य आकर्षण है। ये लैब्स इस तरह से डिज़ाइन की गई हैं कि ये विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयोजित सत्रों के माध्यम से उम्मीदवारों को उद्योग जगत के मानकों के अनुरूप व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। इस पहल के महत्व पर बात करते हुए जयंत चौधरी राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), एमएसडीई और राज्य शिक्षा मंत्री ने कहा, शेल इंडिया के साथ हमारी साझेदारी कौशल को स्थायित्व के अनुरूप बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी एवं बड़े पैमाने पर जलवायु नियन्त्रण न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के लिए ज़रूरी हैं बल्कि इनोवेशन, प्रतिभा एवं उद्यमों के माध्यम से भारत के लिए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। इस पहल के द्वारा हम युवाओं को नौकरियों के साथ–साथ जलवायु के लिए भी तैयार करना चाहते हैं।

15 June 2025_Copy of Layout 1 6/15/2025 12:30 PM Page 8



# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत, दो महिलाएं घायल

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लक्सर के हुसैनपुर गांव के पास आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौके पर मौत हो गई और दो महिलाएं घायल हो गई। साथ ही उसी क्षेत्र के जैनपुर गांव में भी बिजली गिरने से एक 22 वर्ष के युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बारिश से बचने के लिए महिलाएं आम के पेड़ के नीचे खड़ी थी। .



पुलिस पूछताछ करते हुए।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लक्सर मुटकाबाद गांव निवासी भोली (45 वर्ष) पत्नी पवन गांव की ही दो अन्य महिलाएं हुसैनपुर गांव के पास एक खेत में गन्ने की फसल की निराई–गुड़ाई करने गई थी। करीब साढ़े आठ बजे अचानक मौसम बिगड़ गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए तीनों महिलाएं खेत में खड़े एक आम के पेड़ के नीचे खड़ी हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भोली पेड़ की एक ओर जबकि आसबती और बालेश दूसरी ओर खड़ी थी। तभी तेज चमक के साथ बिजली सीधे भोली पर गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बिजली गिरने से आसबती और बालेश भी घायल हो गई। हादसे के बाद आसबती और बालेश घबरा गईं और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और गांव में सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) लक्सर को सूचना दी। लक्सर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई. ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतका के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। लक्सर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला ने बताया कि मुटकाबाद निवासी भोली नामक महिला पर आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत हो गई है। महिला के शव को कब्जे में ले कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। वहीं जैनपुर गांव में भी बिजली गिरने से एक 22 वर्ष के युवक की मौत हो गई।

## विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हरिद्वार।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को शुक्रवार को हरिद्वार के सर्वानंद घाट पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मां गंगा से प्रार्थना की गई और विनती की गई कि इस दुरूख की घड़ी में मां गंगा उनके परिजनों को शक्ति प्रदान करें।

पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने कहा कि आज मां गंगा को पुष्प अर्पित कर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। मां गंगा सभी आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें। इसके अलावा अधीर कौशिक का कहना कि सरकार को इस मामले की विस्तृत जांच करनी चाहिए, ताकि दोबारा इस तरह की कोई घटना न हो।

## राम जन्मोत्सव के साथ विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत बमोथ में हुई रामलीला मंचन प्रारंभ

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत बमोथ में पिछले सात साल बाद हो रही रामलीला मंचन राम जन्मोत्सव के साथ प्रारंभ हुई।

बीते रोज देर रात्रि तक चले रामलीला मंचन के प्रथम दिन नट – नटी के अभिनय, तीनों भाई रावण, विभिषण व कुम्भकरण द्वारा ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करना। लंका पति रावण का शिव पार्वती सहित हिमालय को लंका लाने की कुचेष्टा और राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ किये जाने के साथ राम जन्मोत्सव की लीला का मंचन किया गया। जिसे मौजूद दर्शकों द्वारा तालियां बजा कर अभिनय कर रहे पात्रों का उत्साहवर्धन किया गया। ब्रह्मा व वशिष्ठ के किरदार में प्रदीप लखेड़ा, श्रृंगी ऋषि में राजेश पन्त, शिव में बर्तेश पुरोहित, पार्वती में प्रियांशु भंडारी, रावण में जगमोहन भट्ट, विभिषण में गौरव पुरोहित, कुम्भकरण में सतेन्द्र सिंह मल्ल, दशरथ अनिल बहुगुणा, सुमन्त में धीरज नेगी आदि ने बखूबी भूमिका का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम रावत, पूर्व प्रधान प्रकाश रावत, रामलीला मंडली के धन सिंह ठाकुर, विजय भट्ट, संजय लखेड़ा, राकेश प्रसाद ममगाईं, जितेन्द्र मल्ल, वृजमोहन भट्ट, हारमोनियम मास्टर विनोद पुरोहित, तबला वादक अंशुल भट्ट, युवक मंगल दल अध्यक्ष अतुल भट्ट, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती दीपा बहुगुणा सहित मातृशक्ति आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, बच्चा गंभीर रूप से घायल

**देहरादून।** पांवटा साहिब रोड पर आदूवाला के पास टैक्सी और बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस दौरान बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार टैक्सी इनोवा व मोटरसाइकिल स्प्लेंडर की आमने–सामने से टक्कर हो गई थी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति राजुल (30) पुत्र अयूब निवासी ग्राम तिमली विकासनगर की मौत गई।वहीं, बाइक सवार एक बच्चे को विवेकानंद अस्पताल धर्मावाला सहसपुर भेजा गया, जिसके पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मिलीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से उनके शासकीय आवास पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने उन्हें देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। भेंट के दौरान महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। मंत्री जोशी ने राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और केंद्र व राज्य स्तर पर समन्वय बनाकर महिला हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की पत्नी निर्मला जोशी भी उपस्थित रही। अभिनंदन किया। भेंट के दौरान महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## पेज 01 का शेष...

### भूस्खलन की आपात स्थिति में घटना स्थल पर 15 मिनट के भीतर जेसीबी पहुंचाने के सीएम धामी ने दिए निर्देश

उन्होंने पिथौरागढ़ जनपद में एयरपोर्ट के विस्तार के कार्यों तथा प्रक्रिया को तेज करने तथा मेडिकल कॉलेज के कार्य को भी शीघ्रता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि आपदा के समय पिथौरागढ़ जनपद के दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को समुचित उपचार मिल सके। उन्होंने मानसून के दृष्टिगत गर्भवती महिलाओं का डेटाबेस बनाने और ऐसी महिलाएं जिनकी डिलीवरी अगले चार माह में होनी है उसके लिए अभी से प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नैनीताल जनपद में गोला एप्रोच रोड के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने तथा यदि इस काम के लिए अतिरिक्त धन की आवश्यकता है तो शासन से उसकी मांग करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ चौकिया की पर्याप्त मात्रा में स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जीर्ण शीर्ण स्कूल के भवनों की मरम्मत करने तथा 15 दिन के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से ऐसे स्कूलों की रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा के लिहाज से संवेदनशील ऐसे स्कूल भवन जो खतरे की जद में हैं, उनकी मरम्मत जल्द से जल्द की जाए। चार धाम यात्रा को लेकर भी मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# संकट और आपदा के वक्त मिलेगी तुरंत आर्थिक मदद: रेखा आर्या

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आपदा या किसी आकस्मिक दुर्घटना में अनाथ बेसहारा हुए बच्चों, किशोरियों, आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और वृद्ध महिलाओं को अब तुरंत आर्थिक मदद मिल सकेगी। इसके लिए कैबिनेट ने मुख्यमंत्री महिला एवं बाल बहुमुखी सहायता निधि की नियमावली को मंजूरी दे दी है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस कॉरपस फंड के लिए पैसा शराब बिक्री पर सैस के जरिए जुटाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इसके तहत आपदा या दुर्घटना में अनाथ हुए बच्चों, महिलाओं, किशोरियों, आर्थिक रूप



से कमजोर वर्ग, दिव्यांग किशोरियों और वृद्ध महिलाओं को आर्थिक मदद दी जाएगी। यह आर्थिक मदद जरूरत के अनुसार रहने, खाने की सुविधा जुटाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट जैसे उद्देश्यों के लिए दी जाएगी। इसके अतिरिक्त आपदा या दुर्घटना के चलते अगर किसी पात्र का रोजगार संकट में आता है तो उसे भी इसके तहत मदद दी जा सकेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें तुरंत मदद मिलेगी। नियमावली में इसके तहत आने वाले आवेदनों के निस्तारण की समय सीमा पहले ही निर्धारित कर दी गई है। पात्र से आवेदन मिलने पर ब्लॉक स्तरीय संयुक्त टीम अधिकतम ₹5000 की धनराशि तुरंत जारी कर सकेगी। 15 कार्य दिवस के भीतर निर्णय लेगी और पीड़ित को डीबीटी के जरिए मदद दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि जिन मामलों में और ज्यादा आर्थिक मदद की जरूरत है उसके लिए राज्य स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी और यह कमेटी ₹500000 तक की धनराशि के प्रस्ताव को स्वीकृत करेगी।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19